लखनऊ में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, मुख्यमंत्री ने किया ईवी विनिर्माण संयंत्र का शुभारंभ

# संभावनाओं को नतीजों में बदल रहा यूपी : योगी

लखनऊ, विशेष संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि यूपी अब असीमित की संभावनाओं को परिणाम में बदलने वाला प्रदेश बन चुका है। राजनैतिक स्वार्थ के लिए कुछ लोगों ने इसे बदनाम किया, लेकिन आठ-साढ़े आठ साल में हुए परिवर्तन ने तस्वीर बदली है। यूपी सरकार अशोक लेलैंड के साथ 10 हजार युवाओं को कौशल विकास से जोड़ने को एमओयू करेगी।

मुख्यमंत्री ने ये बातें शुक्रवार को सरोजनीनगर में वाहन निर्माता कंपनी अशोक लेलैंड के इलेक्ट्रिक व्हीकल (ईवी) विनिर्माण संयंत्र का शुभारंभ करते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि यह प्रदेश के प्रति उद्योगों के बढ़ते विश्वास का प्रतीक है। प्लांट एफडीआई, फार्चून-500 पालिसी का हिस्सा है। उन्होंने हिंदुजा परिवार को शुभकामनाएं देकर सरकार पर विश्वास के लिए आभार जताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस नई इकाई की क्षमता अभी प्रतिवर्ष 2500 ई-बस के निर्माण की है, जिसे चरणबद्ध तरीके से 5000 यूनिट तक बढ़ाना है। इस ईवी प्लांट से प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से प्रदेश के हजारों युवाओं के लिए रोजगार की संभावनाएं भी विकसित हुई हैं। ➤ यूपी ने आकर्षित किया P11

## सवा दो साल के भीतर हुआ प्लांट का शुभारंभ



लखनऊ में शुक्रवार को ईवी प्लांट का उद्घाटन करते रक्षामंत्री और मुख्यमंत्री।

**05** हजार इलेक्ट्रिक बसों के निर्माण तक पहुंचाएंगे प्लांट का लक्ष्य

**34** सेक्टरों में राज्य के अंदर निवेश कर सकेंगे उद्यमी

## भारत कमजोर नहीं, खुद हथियार बना रहा: राजनाथ

लखनऊ। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि भारत अब कमजोर राष्ट्र नहीं है। वह अपने हथियार खुद बना रहा है। आपरेशन सिंदूर के दौरान सभी ने ब्रम्होस मिसाइल की क्षमता देखी है। यह मिसाइल अब विदेश से नहीं लखनऊ में बन रही है। उत्तर प्रदेश में डबल इंजन की सरकार ने इसमें काफी योगदान दिया है। उत्तर प्रदेश में 34000 करोड़ रुपये का निवेश डिफेंस क्षेत्र में आया है और उत्तर प्रदेश इसमें लगातार आगे बढ़ रहा है। ➤ ब्योरा P11

## ऐसा है ईवी कारखाना

**72** एकड़ में फैला हैं कैंपस

**18** माह के रिकार्ड समय में स्थापित हुआ संयंत्र

**2023** सितंबर में हुआ था प्लांट के लिए एमओयू

**2024** जनवरी में एलओआई व भूमि हस्तांतरण की कार्यवाही पूरी

**250** करोड़ रुपये का अभी निवेश हुआ, इसे बढ़ाकर 1000 करोड़ करेंगे।

**2500** ई-बसों के प्रतिवर्ष निर्माण का लक्ष्य अभी

"सबसे बड़ी श्रम शक्ति वाला यूपी ट्रस्ट एंड ट्रांसफार्मेशन की नई भूमिका निभाएगा। यह औद्योगिक विकास, पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता, दृढ़ विश्वास का प्रतीक भी है।

– योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री